**बीईएमएललिमिटेड**
*(भारत सरकार का उपक्रम)*
बीईएमएल सौधा, 23/1, चौथा मेन रोड, संपंगिरामनगर, बेंगलूर – 560 027, भारत
**BEML LIMITED**
*(A Govt. of India Undertaking)*
BEML Soudha, 23/1, 4th Main, Sampangirama Nagar, Bangalore-560 027, INDIA

# रिटेनरशिप के आधार पर विधि पेशेवर की नियुक्ति

बीईएमएल लिमिटेड, को खनन और निर्माण, रेल और मेट्रो और रक्षा और वांतरिक्ष क्षेत्रों में अपने गुणवत्तावाले उत्पादों और सेवाओं के लिए अग्रणी भारी इंजीनियरिंग कंपनी जाना जाता है, जिसका विश्व में एक बड़ा ग्राहक आधार है। इसका वार्षिक टर्नओवर लगभग 3000 करोड़ रुपये है। बीईएमएल का दिल्ली में एक स्वयं संपूर्ण कार्यालय है, जो मेट्रो डिपो के संचालन और अनुरक्षण सहित रक्षा और खनन उपकरणों के साथ-साथ व्यावसायिक संचालन और अन्य कार्यालय से संबंधित लेनदेन के साथ सभी तीनों व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों का संचालन करता है।

उपरोक्त पृष्ठभूमि के साथ, संचालन का समर्थन करने के लिए, नीचे विस्तृत रूप से दिए अनुसार हमारे दिल्ली कार्यालय में एक गतिशील एवं परिणाम-उन्मुखी विधि पेशेवर को लेने का प्रस्ताव रखा गया है :

| क्रम सं. | भूमिका | योग्यता | अनुभव | ऊपरी आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रिटेनरशिप के आधार पर विधि पेशेवर की नियुक्ति | एक वकील के रूप में दिल्ली के बार काउंसिल में पेशेवर सदस्यता के साथ एलएलबी,<br>भारतीय मध्यस्थता बार के सदस्य | आईबीडी, अनुबंधों का मसौदा तैयार करना और मध्यस्थता और मुकदमों का संचालन सहित विभिन्न बीजी के लिए वाणिज्यिक अनुबंधों के प्रारूपण, समीक्षा और बातचीत के क्षेत्रों में कम से कम 25 वर्षों का पूर्व अनुभव। सांविधिक प्राधिकारियों और विभिन्न हितधारकों के साथ संपर्क, कानूनी राय प्रदान करना, पूर्व अनुबंध वार्ता का समर्थन करना, विभिन्न मुद्दों पर मध्यस्थता करना, आदि। सीपीएसई कानूनी मामले पर कार्य करने का अनुभव। | 55 वर्ष |

**<u>कार्य का विवरण और ज़िम्मेदारी :</u>**

i) कानूनी राय / सलाह देना, पूर्व-अनुबंध की बातचीत में भाग लेना, कानूनी नोटिस, याचिका, सांविधिक नोटिस आदि का मसौदा तैयार करना और संवीक्षण करना।

ii) कंपनी के विधि विभाग द्वारा अपेक्षित कोई समर्थन और कानूनी राय प्रदान करना।

iii) अनुबंध के उपरांत की प्रबंधन प्रक्रियाओं को संभालना।

iv) विभिन्न हितधारकों और प्राधिकारियों के साथ संपर्क।

v) वे दिल्ली / एनसीआर में अपने परिसर से कार्य करेंगे/करेंगी, हालांकि जरूरत के आधार पर बीईएमएल कार्यालयों / स्थानों का दौरा करेंगे/करेंगी।

vi) बीईएमएल द्वारा सौंपे जानेवाला कोई अन्य कार्य।

**<u>सामान्य शर्तें</u>**

i) केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं।

ii) चयनित आवेदक को एक वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किए जाएंगे। बीईएमएल लिमिटेड संतोषजनक प्रदर्शन और व्यावसायिक आवश्यकताओं के अधीन अवधि को एक वर्ष / दो वर्षों के लिए आगे विस्तार कर सकता है।

iii) ऊपर उल्लिखित आयु और अनुभव दिनांक 05.01.2021 पर निर्धारित है।

iv) आवेदकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे निर्दिष्ट तिथि पर इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं, और यह सुनिश्चित करें कि दिए गए सभी विवरण सभी पूर्ण रूप में सही हैं। किसी मामले में चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि यह पता लगाया जाता है कि आवेदक पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करते हैं और / या कि उसने कोई गलत / त्रुटिपूर्ण जानकारी दी है या किसी भी सामग्री / तथ्य को छिपाया दिया है, तो उनकी उम्मीदवारी अपने आप रद्द हो जाएगी। उनकी नियुक्ति के बाद यदि किसी भी कमी (कमियों) का पता लगाया जाता है, तो उनके अनुबंध को किसी सूचना के बिना समाप्त किया जा सकता है।

v) आवेदक को यह घोषित करना होगा कि उनका कोई रिश्तेदार बीईएमएल लिमिटेड या उन अन्य कंपनियों / फर्मों में काम कर रहा है जिनके साथ बीईएमएल लिमिटेड का व्यावसायिक संबंध है या संरक्षण का आनंद ले रहे हैं।

vi) आवेदक (कों) द्वारा इस विज्ञापन के नियमों और शर्तों को पूरा करने से मात्र यह नहीं समझना चाहिए कि उन्हें साक्षात्कार (ऑन-लाइन) / चयन के लिए बुलाया जाएगा।

vii) बीईएमएल लिमिटेड आवेदकों की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

viii) बीईएमएल लिमिटेड अपने विवेक पर विज्ञापन और / या प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार भी रखता है।

ix) देय रिटेनरशिप शुल्क अधिकतम रु.50,000/- प्रतिमाह तक सीमित होगा जिसमें भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के तहत विभिन्न गतिविधियों का निष्पादन शामिल होगा।

**<u>कैसे आवेदन करें</u>**

i) आवेदक बीईएमएल लिमिटेड की वेबसाइट (https://www.bemlindia.in/Current_job.aspx) में उपलब्ध आवेदन पत्र को डाउनलोड करके आवेदन कर सकते हैं और विस्तृत व्यक्ति वृत्त और शैक्षणिक योग्यता (उम्र के प्रमाण के रूप में 10वीं कक्षा की अंकसूची, एलएलबी की अंकसूची और अंतिम प्रमाण पत्र), अनुभव (नामांकन प्रमाण पत्र, संबंधित बार एसोसिएशन से अनुभव प्रमाण पत्र और पिछले सभी नियोक्ताओं से प्राप्त अनुभव प्रमाण पत्र), मुआवजा, प्रमुख कौशल और प्रशिक्षण, पहचान, आदि का समर्थन करनेवाले सभी दस्तावेजों (स्व साक्ष्यांकित) के साथ भरे हुए आवेदन पत्र को एकल '.pdf' फ़ाइल के रूप में बनाकर, विषय पर "रिटेनरशिप के आधार पर विधि पेशेवर" स्पष्ट रूप में इंगित करते हुए दि. 05.01.2021 या उसके पहले पर ई-मेल द्वारा recruitment@beml.co.in को अग्रेषित कर दें।

ii) निर्धारित तिथि के अंदर प्राप्त न हुए आवेदन या छायाचित्र / हस्ताक्षर / संलग्न / उचित दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदन को बिना किसी पत्राचार अस्वीकृत किया जाएगा।

**मामले में किसी भी पूछताछ के लिए, उम्मीदवार दूरभाष सं.080-22963279 तथा ई-मेल आई डी : <u>recruitment@beml.co.in</u> द्वारा भर्ती प्रकोष्ठ से संपर्क कर सकते हैं।**

तारीख :23.12.2020 (विज्ञापन सं.KP/S/08/2020)

**शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो, तो केवल बीईएमएल वेबसाइट में ही होस्ट किया जाएगा।**

******

x) आवेदक को यह घोषित करना होगा कि उनका कोई रिश्तेदार बीईएमएल लिमिटेड या उन अन्य कंपनियों / फर्मों में काम कर रहा है जिनके साथ बीईएमएल लिमिटेड का व्यावसायिक संबंध है या संरक्षण का आनंद ले रहे हैं।

xi) आवेदक (कों) द्वारा इस विज्ञापन के नियमों और शर्तों को पूरा करने से मात्र यह नहीं समझना चाहिए कि उन्हें साक्षात्कार (ऑन-लाइन) / चयन के लिए बुलाया जाएगा।

xii) बीईएमएल लिमिटेड आवेदकों की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

xiii) बीईएमएल लिमिटेड अपने विवेक पर विज्ञापन और / या प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार भी रखता है।

xiv) मासिक क्षतिपूर्ति उनके अनुभव / क्रेडेंशियल, अंतिम आहरित सीटीसी आदि के साथ होगी।

:21.11.2020 (.KP/S/07/2020)

******